## खास खबरें

### लॉन्च होने वाली है एक्सयूवी 300 की इलेक्ट्रिक कार, जानिए अनुमानित कीमत और फीचर्स

**नईदिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच अब केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर जोर दे रही है। यही वजह है कि कार मेकर कंपनियां भी नए-नए इलेक्ट्रिक व्हीकल्स लॉन्च कर रही हैं। इसी के तहत महिंद्रा अपनी पहली लॉन्ग रेंज इलेक्ट्रिक कार एसयूवी 300 को मार्केट में उतारने की तैयारी कर रही है। इस इलेक्ट्रिक कार को सबसे पहले 2020 के ऑटो एक्सपो में डिस्प्ले किया गया था लेकिन अब पूरी उम्मीद है कि ये कार दूसरी तिमाही में बिक्री के उपलब्ध हो जाएगी। आइए जानते हैं इस कार की कीमत और फीचर्स क्या हो सकते हैं। महिंद्रा एक्सयूवी300 ईवी एक्सटीरियर की बात करते हैं तो इसमें पहले वाली एक्सयूवी 300 से काफी कुछ अलग है। इस इलेक्ट्रिक कार में एकदम नए हैडलेंप दिए गए हैं, टेललैंप को भी पहले से ज्यादा आकर्षक बनाया गया है। बंपर में कुछ बदलाव के साथ उनके डिजाइन को पहले से और बेहतर किया गया है। पिछली कार की तरह इस कार में आगे ग्रिल नहीं दी गई है लेकिन बॉडीलाइन ग्राफिक्स में काफी बदलाव किए गए हैं।

### वनप्लस वॉच के साथ करें हर चुनौती को पूरा

**भोपाल।** ग्लोबल टैक्नोलॉजी ब्रैंड वनप्लस ने हाल ही में कंपनी की पहली पहने जा सकने वाली ग्लोबल डिवाइस वनप्लस वॉच को लॉन्च किया वनप्लस वॉच तेज आसान और भरोसेमंद है इस वॉच से आपको नेवर सेटल का अनुभव मिलेगा और आपकी डिजिटल लाइफ ज्यादा आसान बनेगी इस वॉच में प्रीमियम डिजाइन आसान कनेक्शन स्मार्ट फिटनेस ट्रैकिंग और लंबी बैटरी लाइफ जैसी विशेषताएं हैं वनप्लस वॉच कंपनी के प्रोडेक्ट पोर्टफोलियो को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगी क्योंकि इससे कंपनी को पूरी तरह जुड़ा हुआ ईकोसिस्टम बनाने में मदद मिलेगी। वनप्लस के संस्थापक और सीईओ पीट लाउ ने कहा वनप्लस वॉच कंपनी का सबसे नया उत्पाद है हालांकि लंबे समय से वनप्लस का सबसे ज्यादा ध्यान स्मार्टफोन पर ही रहा है।

### वेस्टीज को लार्ज ऑर्गनाइजेशन कैटेगरी में ग्रेट प्लेस टु वर्क प्रमाणपत्र

**भोपाल।** दुनिया की टॉप 30 डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में जगह बनाने वाली इकलौती भारतीय कंपनी वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड को लगातार तीसरी बार ग्रेट प्लेस टु वर्क का प्रमाणपत्र मिला है। भरोसे और प्रदर्शन की शानदार संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टु वर्क इंस्टीट्यूट, इंडिया ने अग्रणी डायरेक्ट सेलिंग कंपनी को यह सम्मान दिया है। 2019 और 2020 में कंपनी को भारत की ग्रेट मिड साइज वर्कप्लेस की कैटेगरी में यह प्रमाणपत्र मिला था। वेस्टीज ने इस साल पहली बार 500 से 50,000 कर्मचारियों वाले लार्ज ऑर्गनाइजेशन की कैटेगरी में कदम रखा था। आकलन (असेसमेंट), मानकीकरण (बेंचमार्किंग) अपने वर्कप्लेस कल्चर (कार्य संस्कृति) को मजबूत करने की कार्य योजना के लिए हर साल 60 से ज्यादा देशों की 10,000 से ज्यादा कंपनियां ग्रेट प्लेस टु वर्क इंस्टीट्यूट के साथ जुड़ती हैं। ग्रेट प्लेस टु वर्क इंस्टीट्यूट की प्रक्रियाओं को सबसे सख्त और उद्देश्यपूर्ण माना जाता है।

# एसबीआई की इस चेतावनी पर गौर किया आपने एफडी के नाम पर हो रही जालसाजी...?

नई दिल्ली




देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने कस्टमर्स को आगाह किया है। बैंक ने कस्टमर्स को सोशल इंजीनियरिंग फ्रॉड के बारे में बताया है और कहा है कि यह नए जमाने का साइबर फ्रॉड है जिससे बचने की जरूरत है। इस फ्रॉड के तहत अपराधी ऑनलाइन फिक्स डिपॉजिट खोलने का झांसा देते हैं और लोगों से उनकी जानकारी चुराते हैं। अपने कस्टमर्स से कहा है कि ऑनलाइन की दुनिया में अगर कोई आपसे बैंकिंग डिटेल मांगे तो उसे कतई जानकारी न दें। अगर कोई एसबीआई का प्रतिनिधि बनकर फोन करे या इंटरनेट पर आपसे संपर्क करे तो सावधान हो जाएं क्योंकि बैंक की तरफ से ऐसा कुछ भी नहीं किया जाता है। फोन कर या मेल के जरिये अगर कोई आपकी पर्सनल डिटेल जैसे कि पासवर्ड, ओटीपी, सीवीवी या कार्ड नंबर के बारे में पूछे तो उसे सिरे से इनकार कर दें।

**पहले ललचाएंगे, फिर फंसाएंगे:** फ्रॉड करने वाले अपराधी ऑनलाइन एफडी अकाउंट का प्रलोभन देकर लोगों के खाते से पैसे चुरा सकते हैं। देश के अलग-अलग हिस्से में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं जिसके बाद बैंकों की तरफ से कस्टमर्स को आगाह किया गया है। फ्रॉड के इस नए तरीके के अंतर्गत अपराधी किसी व्यक्ति का एफडी अकाउंट बनाते हैं और उसमें कुछ पैसे ट्रांसफर करते हैं। इसके बाद अपने को बैंक का अधिकारी बताते हुए उस व्यक्ति से ओटीपी पूछते हैं। ओटीपी बताते ही उस व्यक्ति के खाते में जमा राशि को अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते हैं।

इस तरह का फ्रॉड इंटरनेट बैंकिंग के जरिये ज्यादा हो रहा है। फ्रॉड करने वाले अपराधी सबसे पहले किसी व्यक्ति की इंटरनेट बैंकिंग आईडी और पासवर्ड हैक करते हैं। इसके लिए वे एसबीआई की आधिकारिक वेबसाइट का सहारा लेते हैं। एफडी फ्रॉड में चूंकि पैसे व्यक्ति के एफडी अकाउंट में ट्रांसफर किए जाते हैं, इसलिए इसका कोई मैसेज भी नहीं मिलता। इस फ्रॉड के तहत अपराधी आपको एसबीआई का प्रतिनिधि बता सकते हैं और आपसे डेट ऑफ बर्थ को वेरीफाई करने या सही बताने के लिए कह सकते हैं। अपराधी यह कह सकते हैं कि बैंक की तरफ से उन्हें इस तरह के वेरीफिकेशन का काम दिया गया है। इसलिए जानकारी देना जरूरी है। ऐसा भी हो सकता है कि कॉलर आपके पैन कार्ड की जानकारी दे ताकि आपको भरोसा हो कि वह एसबीआई का प्रतिनिधि है। यह सारा खेल अकाउंट हैक होने से है, इसलिए कॉलर के पास आपके पैन और आधार की भी जानकारी हो सकती है। ऐसे में यह कतई न मान कर चलें कि पैन-आधार के बारे में बताने वाला आदमी सही होगा।

#### ऐसे फ्रॉड से कैसे बचें

इस तरह के फ्रॉड में विशिंग, फिशिंग और स्मिशिंग का नाम है। विशिंग में किसी व्यक्ति को फोन कॉल के जरिये फंसाया जाता है। उससे जानकारी मांगी जाती है। पहले लालच देकर उसे फंसाया जाता है फिर जानकारी ली जाती है। अपराधी अपने को बैंक का कर्मचारी बताते हैं और सवाल-जवाब करते हैं। इससे बचने के लिए कभी पर्सनल जानकारी शेयर न करें। अगर आपको संदेह होता है तो आप बैंक के नंबर पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं कि क्या जानकारी लेने के लिए बैंक की तरफ से कोई निर्देश है?

### आईडीबीआई बैंक में सरकार बेचेगी अपनी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार लंबे समय से हिस्सेदारी बेचने की कोशिश कर रही है। लेकिन कोरोना संकट की वजह से देरी हो रही है। इस साल बजट में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बैंक का जिक्र किया था। बजट में निर्मला सीतारमण ने वित्त-वर्ष 2021-22 में में हिस्सेदारी बेचने का प्रस्ताव रखा था। जिसके बाद 10 मार्च को रिजर्व बैंक ने को प्रॉम्पट करेक्टिव एक्शन फ्रेमवर्क से बाहर कर दिया है। अब खबर है कि सरकार इस बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रही है। खबर है कि कैबिनेट बैंक में अपनी 45.15 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के प्रस्ताव पर विचार कर सकती है। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद डिपार्टमेंट ऑफ इनवेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट विनिवेश के प्रोसेस को आगे बढ़ाएगा। इस खबर के बाद के शेयरों में मंगलवार को जोरदार तेजी देखी गई। कारोबार के दौरान शेयर पर 8 फीसदी से ज्यादा तेजी के साथ 36.40 रुपये पर कारोबार कर रहा था। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट की मानें तो सरकारी बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेचने से पहले से राय लेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में आईडीबीआई बैंक अलावा दो और सरकारी बैंकों के निजीकरण का ऐलान किया था। खबर है कि केंद्र सरकार ने 4 सरकारी बैंकों को शॉर्टलिस्ट कर लिया है, जिसमें से दो बैंकों का निजीकरण मौजूदा वित्त-वर्ष में किया जाएगा।

## फेसबुक ला रहा है एक नया डेटिंग एप्प आपको मनचाहा प्यार पाने में करेगा मदद ...

नई दिल्ली




सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक अब आपको दोस्त ही नहीं मनचाहा प्यार पाने में भी मदद करेगा। फेसबुक नाम से डेटिंड ऐप को लॉन्च करने वाला है। इस ऐप को एक्सेस करना ही बड़ा चैलेंच है। क्योंकि इसके लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। फेसबुक का दावा है कि ये नया ऐप दूसरे सभी डेटिंड ऐप्स से अलग होगा।

#### एंट्री के लिए करनी पड़ेगी मेहनत

रिपोर्ट के मुताबिक ने इस खास डेटिंग ऐप का नाम स्पाकर्ड रखा है। जल्द लॉन्च होने वाले इस ऐप में यूजर्स द्वारा बनाया गया सुपर फास्ट वीडियो महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मात्र चार मिनट के इस वीडियो को दूसरे यूजर्स के साथ शेयर किया जाएगा। अगर ये किसी यूजर को पसंद आया तो आपको डेटिंग का मौका मिल जाएगा।

#### पहले होगी आपके वीडियो की जांच

दरअसल आपको फेसबुक के इस डेटिंग ऐप में एंट्री लेने के लिए एक चार मिनट की वीडियो बनानी होगी। इसमें आपको अपने बारे में बताना होगा। साथ ही आपको ये भी बताना होगा कि आप किसको डेट पर ले जाना चाहते हैं। आपके पास का ऑप्शन होगा। एक बार वीडियो अपलोड होने के बाद फेसबुक की टीम इसकी जांच करेगी। इसके बाद ही आपको इस डेटिंड ऐप में एंट्री मिलेगी।

#### ये होगा प्रोसेस

जानकारी के मुताबिक इस डेटिंग ऐप को सिर्फ एक-दूसरे से मिलाने के लिए ही यूज किया जाएगा। एक बार मैचिंग हो जाने के बाद फेसबुक दोनों यूजर्स या ईमेल के जरिए एक दूसरे से कनेक्ट होने का मौका देगा। बताते चलें कि कुछ समय पहले फेसबुक ने अमेरिका और यूरोप के लिए एक खास डेटिंग ऐप लॉन्च किया था। इस ऐप और जैसे डेटिंग ऐप्स के टक्कर देने के लिए लॉन्च किया गया है।

## यूपी से अडानी की कंपनी ने शुरू किया नया प्लांट, इधर निवेशकों को हुआ फायदा

नई दिल्ली

अडानी समूह की ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की यूनिट ने उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में एक प्लांट शुरू किया है। इस खबर के बीच शेयर बाजार में निवेशकों को बड़ा मुनाफा हुआ है।

कहां शुरू हुआ प्लांट: अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की कंपनी ने उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में 50 मेगावाट क्षमता का सौर बिजली प्लांट चालू किया है। इस कंपनी का उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के साथ 25 साल के लिये बिजली खरीद समझौता है। यह समझौता 3.07 रुपये प्रति यूनिट की दर पर किया गया है। नये प्लांट के चालू होने से कंपनी की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,000 मेगावाट से अधिक हो गई है।

#### निवेशक हुए मालामाल

इस बीच, अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 2.54 फीसदी से अधिक की बढ़त देखने को मिली। अडानी समूह की इस कंपनी का शेयर भाव करीब 28 रुपये बढ़कर 1113.35 रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। इस बढ़ोतरी का फायदा इंट्रा ट्रेड करने वाले निवेशकों को मिला है। बहरहाल, कंपनी का मार्केट कैपिटल 1,74,129.53 करोड़ रुपये के स्तर पर है।

अगर शेयर बाजाार की बात करें तो तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 660.68 अंक यानी 1.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 48,544.06 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 194 अंक यानी 1.36 प्रतिशत मजबूत होकर 14,504.80 अंक पर बंद हुआ।

### न्यूट्रिशन में एमवे ने आयुर्वेद पर बड़ा दांव खेला

**भोपाल।** देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने आज अपने प्रमुख ब्रांड न्यूट्रीलाइट के तहत च्यवनप्राश बाई न्यूट्रीलाइट लॉन्च करने की घोषणा की। च्यवनप्राश बाई न्यूट्रीलाइट पोषक तत्वों से भरपूर 32 जड़ी-बूटियों का एक गाढ़ा मिश्रण है, जिसे 16 प्रमाणित कार्बनिक अवयवों के साथ डीएनए फिंगरप्रिंटिंग द्वारा मान्यता प्रदान की गई है, और इसमें कोई प्रिजर्वेटिव्स भी नहीं हैं। पारंपरिक भारतीय रेसिपी से प्रेरित न्यूट्रीलाइट च्यवनप्राश का सूत्रीकरण मुख्य रूप से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने, शरीर के कायाकल्प का समर्थन करता है, साथ ही ताकत और आंतरिक बल को बढ़ाता है, इसके अलावा दिन-प्रतिदिन के संक्रमणों से लड़ने में मदद भी करता है। इस लॉन्च के साथ ही एमवे ने च्यवनप्राश सेगमेंट में देश में फलते-फूलते आयुर्वेद बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा जमाने की रणनीति के साथ प्रवेश किया।

## कोरोना का असरः गोल्डमैन सैच्श ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाया

नई दिल्ली




कोरोना की दूसरी लहर भी इकोनॉमी के लिए मुश्किल लाती दिख रही है। अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन सैच्स ने चालू वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 10.9 फीसदी से घटाकर 10.5 फीसदी कर दिया है. ब्रोकरेज ने शेयर बाजारों और आमदनी के अपने अनुमान में भी कमी की है।

गौरतलब है कि भारत में कोविड-19 के मामले रोजाना नए रिकॉर्ड पर पहुंच रहे हैं। साथ ही विभिन्न राज्यों में लॉकडाउन भी लगातार बढ़ रहा है। देश में कोरोना के मामले 1.68 लाख प्रति दिन के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच जाने के बाद महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडु और बिहार जैसे प्रमुख राज्यों ने कठोर प्रतिबंध लगाए हैं जो आगे और बढ़ सकते हैं।

गोल्डमैन सैश के अर्थशास्त्रियों ने मंगलवार को जारी विस्तृत नोट में कहा कि महामारी के मामले रिकॉर्ड पर पहुंचने तथा कई प्रमुख राज्यों द्वारा सख्त लॉकडाउन लगाए जाने से वृद्धि को लेकर चिंता पैदा हुई है। इससे निवेशक वृहद अर्थव्यवस्था और आमदनी में सुधार को लेकर आशंकित हैं।

गोल्डमैन सैक्श के नोट में कहा गया है कि भरोसे का संकट शेयर बाजारों में भी दिख रहा है। निफ्टी में सोमवार को 3.15 फीसदी का नुकसान हुआ। गोल्डमैन सैक्स ने दूसरी यानी जून तिमाही के वृद्धि के अनुमान को भी कम किया है।

हालांकि, उसने इसका कोई आंकड़ा नहीं दिया है। ब्रोकरेज फर्म ने नोट में उम्मीद जताई है इन सब चीजों का कुल असर मामूली होगा, क्योंकि अंकुश कुछ क्षेत्रों में लगाए गए हैं

### पिरामल फाउंडेशन की बहु-हितभागी पहल

**भोपाल।** अनामाया, जनजातीय स्वास्थ्य पहल का उद्घाटन मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. हर्षवर्धन और मंत्री जनजातिय कार्य अर्जुनमुंडा द्वारा आज किया गया। बहु हितगामी पहल पिरामल फाउंडेशन और बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा समर्थित है। यह विभिन्न सरकारी एजेंसीज और संस्थानों के प्रयासों को समेकित करके जनजातियसमुदायों केस्वास्थ्य औरपोषण केस्तर को बेहतर करने का प्रयास करेगी। सबसे कमजोर और जरूरतमंद समुदायों तक पहुँचने के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल देते हुए, पिरामल एंटरप्राइजेज के चेयरमैन, श्री अजय पिरामल ने कहा, ट्राइबल हेल्थि कोलैबरेटिव के भागीदारों की ओर से, मुझे भारत के सबसे जरूरतमंद और कमजोर समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति को बेहतर बनाने में योगदान देने की खुशी है।

### क्लीसन साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने 1,400 करोड़ रु. के आईपीओ पेपर्स दाखिल किये

**भोपाल।** स्पेशियाल्टी केमिकल निर्माता, क्लीन साइंस एंड टेक्नो लॉजी ने 1,400 करोड़ रु. के आईपीओ के लिए पूंजी बाजार नियामक, सेबी के यहां प्राथमिक पत्र (प्रिलिमनरी पेपर्स) दाखिल किये हैं। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, यह आईपीओ पूरी तरह से मौजूदा प्रमोटरों और अन्य शेयरधारकों की ओर से ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) है। ओएफएस में शेयरों की पेशकश करने वालों में अनंतरूप फाइनेंशियल एडवाइजरी सर्विसेज, अशोक रामनारायण बूब, कृष्णकुमार रामनारायण बूब, सिद्धार्थ अशोक सिकची और पार्थ अशोक माहेश्वरी शामिल हैं।

## टाटा की कंपनी को हुआ बड़ा मुनाफा, यहां मुकेश अंबानी की रिलायंस को मिलती है टक्कर

नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को बड़ा मुनाफा हुआ है। मार्केट कैपिटल के लिहाज से ये कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को भी पीछे छोड़ चुकी है।

टीसीएस को मुनाफा कितना: टीसीएस का मुनाफा मार्च 2021 को समाप्त चौथी तिमाही में 14.9 प्रतिशत बढ़कर 9,246 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले 2019-20 की इसी तिमाही में कंपनी को 8,049 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। टीसीएस की आय 2020-21 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में 9.4 प्रतिशत बढ़कर 43,705 करोड़ रुपये पर पहुंच गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 39,946 करोड़ रुपये रही थी।

पूरे वित्त वर्ष 2020-21 की बात करें तो टीसीएस का मुनाफा बढ़कर 33,388 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले 32,340 करोड़ रुपये था। टीसीएस की आय 2020-21 में 4.6 प्रतिशत बढ़कर 1,64,177 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 1,56,949 करोड़ रुपये थी। मार्केट कैपिटल में देती है टक्कर: टीसीएस मार्केट कैपिटल में मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को टक्कर देती रही है। बीते दिनों टीसीएस का मार्केट कैपिटल रिलायंस से भी आगे निकल चुका था और इस मामले में भारत की सबसे बड़ी कंपनी बन गई थी। वर्तमान में टीसीएस का मार्केट कैपिटल 11 लाख 50 हजार करोड़ रुपये है। अगर रिलायंस इंडस्ट्रीज की बात करें तो मार्केट कैपिटल 12 लाख 25 हजार करोड़ रुपये है। रिटेल मार्केट में बढ़ने वाली है टेंशन: रिलायंस इंडस्ट्रीज के रिटेल कारोबार में भी टाटा ग्रुप की वजह से मुकेश अंबानी की टेंशन बढ़ने की आशंका है। असल में टाटा ग्रुप अपने कंज्यूमर बिजनेसेज को एक साथ लाते हुए एक ओम्नीचैनल डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की योजना बना रहा है।

**स्पेशल खबर...** *नए फीचर्स के साथ राइडर को बेहद शानदार राइड मिलने की उम्मीद की जा रही*

# नया मॉडल लॉन्च करेगी रॉयल एनफील्ड, कितनी होगी कीमत..?

नई दिल्ली



भारत में दमदार बाइक बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड अपने क्लासिक 350 मॉडल को मिली सफलता के बाद इसका अपग्रेड वर्जन लॉन्च करने वाली है जो होगा तो क्लासिक 350 ही लेकिन कई लुक और फीचर्स के मामले में उससे खास होगा। कंपनी ने इस बाइक को ऑटो एक्सपो 2020 में डिस्प्ले तो नहीं किया लेकिन टेस्टिंग के दौरान ये कई जगह स्पॉट हो चुकी है और इसके फीचर्स और टेक्नोलॉजी की जानकारी भी मीडिया में लीक हो चुकी है. तो आइए हम आपको बताते हैं कि कैसी होगी 2021 की रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 में सबसे पहले बात की जाए इसके फीचर्स की तो कंपनी ने युवाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए इसमें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी इस्तेमाल करने का फैसला किया है जिसमें सबसे ज्यादा चर्चा है इसका प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जाना। इसके अलावा बॉडीलाइन, ग्राफिक्स को भी बेहद खूबसूरत लुक देते हुए अपग्रेड किया जा रहा है।

बात जब बाइक के इंजन की जाती है तो रॉयल एनफील्ड की बाइक्स का को तोड़ नहीं होता और इसी खासियत को बनाए रखते हुए कंपनी ने क्लासिक 350 के नए मॉडल में 349 सीसी का इंजन दिया है जिसको सिंगल सिलेंडर एयर कूलर से लेस किया गया है। ये तकनीक बाइक में होने वाली बाइब्रेशन और एक्स्ट्रा हीट को कम करने का काम करेगी. बाकि ये 349 सीसी का पावरफुल इंजन 20.2 बीएचपी की पावर के साथ 27 एनएम का टॉर्क जनरेट करने की क्षमता रखता है। इन नए फीचर्स के साथ राइडर को बेहद शानदार राइड मिलने की उम्मीद की जा रही है। दमदार इंजन के बाद बाद करते हैं बाइक में इस्तेमाल की गई टेक्नोलॉजी की जिसमें सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है ट्रिपर नेविगेशन सिस्टम की जिसके जरिए राइडर एप्पल कनेक्ट और एंड्रॉयड से कनेक्ट कर टर्न बाय टर्न का फीचर इस्तेमाल कर सकता है। बाइक के मीटर डिस्प्ले को पहले से ज्यादा मॉर्डन बनाने का प्रयास किया गया है और आरामदायक राइड के लिए इसमें पहले से ज्यादा उन्नत क्वालिटी की मुलायम सीटें भी दी गई हैं। को युवाओं के बीच पहले से ज्यादा पैठ बनाने के लिए रॉयल एनफील्ड ने क्लासिक 350 को एकदम नए ब्रेक सिस्टम, नए व्हील्स और बेजोड़ सस्पेंशन से लेस किया है जिसमें 300 एमएम का फ्रंट डिस्क ब्रेक और 270 एमएम का रियर डिस्क ब्रेक शामिल है। पिछली क्लासिक 350 से इसको अलग लुक देने के लिए इस बाइक के फ्रंट में 19 इंच और बैक में 18 इंच का स्पोक व्हील दिया जा रहा है। साथ ही खराब सड़कों पर बिना किसी परेशानी के राइड के लिए बाइक के फ्रंट में 135 एमएम और रियर में 130 एमएम का गैस चार्ज शॉक ऑब्जर्वर वाला सस्पेंशन भी दिया जा रहा है।

### दुनिया भर में फैला है मुकेश अंबानी के समधी का कारोबार, कर्ज में डूबी कंपनी की बदलेंगे किस्मत

नई दिल्ली

एशिया के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी की बेटी ईशा की शादी बड़े कारोबारी परिवार में हुई है। ईशा के ससुर अजय पीरामल की कंपनी फार्मा, हेल्थकेयर और फाइनेंशियल सर्विसेज से जुड़ी है। ये कंपनी कर्ज संकट से जूझ रहे दीवान हाउसिंग फाइनेंस का अधिग्रहण करने वाली है। कर्ज संकट से जूझ रही डीएचएफल: डीएचएफएल पर बैंकों का 90 हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। इसमें 10,083 करोड़ रुपये का सबसे बड़ा बकाया भारतीय स्टेट बैंक का है। इसके अलावा मुख्यतौर पर बैंक आफ इंडिया के (4,125 करोड़ रुपये), केनरा बैंक (2,681 करोड़ रुपये), एनएचबी (2,434 करोड़ रुपये), यूनियन बैंक (2,378 करोड़ रुपये) भी शामिल है।

22 साल की उम्र में कारोबार को संभाला: अजय पीरामल ने 1977 में 22 साल की उम्र में अपने परिवार के कपड़ा व्यवसाय से शुरुआत की थी, लेकिन बाद में फार्मा सेक्टर में अपनी एक खास पहचान बनाई। अजय पीरामल ने 32 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया की एक बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी एस्ट्रा निकोलस की एक शाखा निकोलस लैबोरेटरीज का अधिग्रहण किया।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01,-03, फैक्स नं.- 0755-2553914 e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) रजिस्टर्ड नं.म.प्र./296/भोपाल/2012-2014 आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, डाक पंजीयन क्र. म.प्र./भोपाल/296/2015-2017